UNIVERSITY NEWS 15 APRIL 2026

NBT

अब विभाग की तरह चलेंगे इंस्टिट्यूट

■ **NBT रिपोर्ट, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में अब इंस्टिट्यूट भी विभाग की तरह संचालित किए जाएंगे। इनमें चलने वाले पाठ्यक्रमों का निर्धारण अब इंस्टिट्यूट की जगह संबंधित फैकल्टी की ओर से किया जाएगा। विवि की ओर से अब निर्णय लिया गया है कि विवि में संचालित होने वाले सभी इंस्टिट्यूट को संबंधित फैकल्टी से जोड़ दिया जाएगा। अब तक यह सभी इंस्टिट्यट स्वतंत्र रूप से चलते थे जिसमें चलने वाले पाठ्यक्रमों के निर्धारण से लेकर सभी निर्णय इंस्टिट्यूट की गवर्निंग बॉडी में लिए जाते थे। लेकिन संबंधित फैकल्टी से जुड़ने के बाद अब पाठ्यक्रम व अन्य निर्णय फैकल्टी की ओर से लिए जा रहे हैं।

एलयू में वर्तमान में 15 इंस्टिट्यूट का संचालन किया जा रहा है। इसमें दस से अधिक इंस्टिट्यूट में अलग-अलग पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसमें सबसे ज्यादा परेशानी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडी (आईएमएस) में होती थी। क्योंकि आईएमएस में एमबीए पाठ्यक्रम चल रहे हैं वही एमबीए पाठ्यक्रम विवि के में भी संचालित किए जा रहे हैं। ऐसे में एक ही विवि में एक जैसे दो पाठ्यक्रम चल रहे हैं। विवि में अब पाठ्यक्रम फैकल्टी बोर्ड में निर्धारित हो सकेंगे। इसके अलावा इंस्टिट्यूट का समन्वय भी बेहतर हो सकेगा। विवि के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि हर इंस्टिट्यूट को अब उससे संबंधित फैकल्टी से जोड़ा जाएगा। मैनेजमेंट के इंस्टिट्यूट मैनेजमेंट फैकल्टी से जुड़ेंगे जबकि साइंस के विषयों से जुड़े इंस्टिट्यूट को साइंस फैकल्टी से जोड़कर अब संचालित किया जाएगा। इससे विवि का अकैडमिक्स स्ट्रैक्चर अब एक अम्ब्रेला के तहत संचालित होगा।

LU : अब फैकल्टी के अंडर मे काम करेंगे, अभी स्वायत्त रूप से होता है संचालन

ये हैं संस्थान

डॉ. गिरि लाल गुप्ता इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ, डॉ. शंकर दयाल शर्मा इंस्टिट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी, इंस्टिट्यूट फॉर डिवेलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग, इंस्टिट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज, इंस्टिट्यूट ऑफ फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, इंस्टिट्यूट ऑफ हाइड्रोकार्बन, एनर्जी एंड जियो-रिसोर्सेज, इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, इंस्टिट्यूट ऑफ टूरिज्म स्टडीज, इंस्टिट्यूट फॉर वाइल्डलाइफ साइंसेज, इंस्टिट्यूट ऑफ वूमेन एंड जेंडर स्टडीज, इंस्टिट्यूट फॉर फार्मास्युटिकल साइंसेज, इंस्टिट्यूट ऑफ एडवांस्ड मॉलिक्यूलर जेनेटिक्स एंड इंफेक्शियस डिजीज, इंस्टिट्यूट ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी।

DAINIK JAGRAN

परीक्षा फार्म भरने की तिथि कल तक बढ़ी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने सम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाइन फार्म भरने की तिथि 16 अप्रैल तक बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने विस्तृत सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी की है। वहीं, ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पीएच.डी कोर्स वर्क परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गई है। यह परीक्षाएं 21 से 24 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। वि.

HINDUSTAN TIMES

Lucknow University

JP Saini, vice-chancellor, Lucknow University, garlanded and laid flowers at the statue of Babasaheb on the university campus. He also offered flowers at the Constitution site in presence of faculty members, researchers, students, and other officials. He said that Ambedkar Jayanti is not merely the birth anniversary of a great personality, but also a day to remember the ideals of social justice, equality, and education.